Roll No. .... Total Pages : 4

MDE/M-21 **10249**

AADHUNIK HINDI KAVITA

Paper-IX, H1-109

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

खण्ड - क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) वह रहस्मय व्यक्ति
अब तक न पायी गयी मेरी अभिव्यक्ति है,
पूर्व अवस्था वह
निज-सम्भावनाओं, निहित प्रभावों, प्रतिभाओं की,
मेरे पूर्ण का आविर्भाव,
हृदय में रिस रहे का तनाव वह,
आत्मा की प्रतिमा।

(ख) हाय! हाय! तॉल्स्तॉय
कैसे मुझे दीख गये।
सितारों के बीच-बीच
घूमते व रुकते
पृथ्वी को देखते।
शायद तॉल्स्तॉय-नुमा
कोई वह आदमी
और है।

(ग) मेरे किसी भीतरी धागे की आखिरी छोर वह,
अनलिखे मेरे उपन्यास का
केन्द्रीय संवेदन
दबी हाय-हाय-नुमा
शायद, तॉल्स्ताय नुमा।

(घ) किन्तु दूर सड़क के उस छोर
शीत-भरे थर्राते तारों के अंधियारे तल में
नील तेज-उद्‌भास
पास-पास पास-पास
आ रहा इस ओर।
दबी हुई गम्भीर स्वर-स्वप्न तरंगें,
शत-ध्वनि-संगम-संगीत, उदास तान-धुन, समीप आ रहा।

(ङ) कमर में, चमड़े के कवर में पिस्तौल,
रोष-भरी एकाग्रदृष्टि में धार है,
कर्नल, ब्रिगेडियर जनरल, मॉर्शल
कई और सेनापति सेनाध्यक्ष
चेहरे वे मेरे जाने-बुझे से लगते, ...

(च) शायद, मैंने उन्हें पहले भी तो कहीं देखा था।
शायद, उनमें मेरे कई परिचित।।
उनके पीछे यह क्या।।
कैवेलरी।

काले-काले घोड़ों पर खाकी मिलिट्री ड्रेस

चेहरे का आधा भाग सिंदूरी-गेरुआं

आधा भाग कोलतारी भैरव

आवदार।। (3×7=21)

खण्ड - ख

2. निम्नलिखित में से **तीन** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) 'उर्वशी' काव्य के काव्य रूप की समीक्षा कीजिए। आपके अनुसार यह रचना किस कोटि की है?

(ख) रामधारी सिंह 'दिनकर' द्वारा रचित 'उर्वशी' काव्य कामाध्यात्मिकता का अमर संदेश है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ग) 'उर्वशी' के तृतीय अंक की विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

(घ) अज्ञेय के विविध प्रयोगों का विवेचन कीजिए।

(ङ) अज्ञेय के अभिव्यंजना पक्ष का विवेचन कीजिए।

(च) अज्ञेय की सामाजिकता का विवेचन कीजिए। (12×3=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से **पाँच** का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए :

(क) नरेश मेहता का उपन्यास 'डूबते मस्तूल'।

(ख) नरेश मेहता का 'प्रवाद-पर्व'।

(ग) धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व का परिचय।

(घ) रघुवीर सहाय का 'आत्महत्या के विरुद्ध'।

(च) रघुवीर सहाय के काव्य की विशेषताएं।

(छ) दुष्यन्त कुमार की 'एक कण्ठ विषपायी'।

(ज) गजलकार दुष्यन्त कुमार।

(झ) भवानी प्रसाद मिश्र की 'गीत फरोश' की व्यंग्यात्मक कविता।

(भ) भवानी प्रसाद मिश्र की 'गांधी पंचशती'। काव्य संग्रह।

(5×3=15)

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) सन् 1947 में अज्ञेय ने प्रयोग से कौन-सी पत्रिका निकाली।

(ख) तार-सप्तक के रचनाकार।

(ग) 'उर्वशी' के अन्तिम अंक का आरम्भ किससे होता है?

(घ) 'उर्वशी' में कितने अंक हैं?

(ङ) 'मुक्तिबोध' उपन्यास का साहित्य पुरस्कार किसे मिला?

(च) अज्ञेय का जन्म कब हुआ?

(छ) दिनकर की **चार** रचनाओं के नाम।

(ज) अज्ञेय के **दो** उपन्यासों के नाम। (1×8=8)